हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11 अप्रैल 2026, समय 13.05 (5 मिनट)

==

भारतीय तेल निगम लिमिटेड के अध्यक्ष, ए. एस. साहनी ने कहा है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है, और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

कल शाम चेन्नई में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि जब घरेलू ईंधन की मांग पूरी तरह से पूरी हो रही है, तब उन्होंने अस्पतालों जैसी आवश्यक सेवाओं को भी प्राथमिकता दी है ताकि उन्हें ईंधन की निर्बाध पूर्ति हो सके।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गुरुग्राम में स्थापित किए जा रहे श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एमबीबीएस की 150 सीटों में 33 प्रतिशत हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए और 850 बैडों में से 33 प्रतिशत बैड प्रदेश के लोगों के लिए आरक्षित किए जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आरक्षित सीटों पर फीस अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों के अनुरूप ही निर्धारित की जाए, ताकि राज्य के विद्यार्थियों को सुलभ और किफायती चिकित्सा शिक्षा मिल सके।

मुख्यमंत्री आज इस परियोजना के पीपीपी मोड पर संचालन एवं रखरखाव को लेकर बुलाई गई मंत्रिमंडल की उप समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस संस्थान को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने पर जोर दिया।

हरियाणा के राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष ने कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम नवाचार-आधारित विकास का एक सशक्त प्रमाण है, जिसमें 1 लाख 20 हजार से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप पूरे देश में 12 लाख से

अधिक रोज़गार पैदा कर रहे हैं। वे कल चंडीगढ़ में TiEcon चंडीगढ़-2026 के दो-दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस सम्मेलन की सराहना करते हुए, युवाओं से आह्वान किया कि वे नौकरी खोजने की मानसिकता से हटकर नौकरी देने वाले बने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित 'विकसित भारत' के स्वप्न में योगदान देने के लिए नवाचार को अपनाएँ। भारत के विशाल मध्यम-वर्गीय बाज़ार पर प्रकाश डालते हुए, राज्यपाल ने कहा कि युवा उद्यमियों के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके नवाचार करने और उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के अपार अवसर मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश में कच्चे माल की प्रचुर उपलब्धता को देखते हुए खाद्य प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में नवाचार की ज़बरदस्त क्षमता है ।

TiEcon चंडीगढ़ का ज़िक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि यह उत्तरी भारत में नवाचार और उद्यमिता इकोसिस्टम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन गया है। राज्यपाल ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि TiE चंडीगढ़ वैश्विक TiE नेटवर्क का हिस्सा है, जो 23 देशों में फैला हुआ है।

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को विद्युत की गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

श्री विज ने चंडीगढ़ में पिछले छह महीनों में बिजली आपूर्ति में व्यवधान की समीक्षा करते हुए ऊर्जा विभाग के राज्यभर से आए वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में अधिकतम दो घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चार घंटे से अधिक बिजली बाधित नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इससे अधिक अवधि होने पर संबंधित अधिकारियों, विशेषकर वरिष्ठ अभियंता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा गंभीर मामलों में निलंबन भी संभव है।

असम में चुनाव प्रचार कर भिवानी पहुंचे हरियाणा के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने असम में भाजपा की जीत का दावा किया। महिला आरक्षण बिल पर बोलते हुए जेपी दलाल ने कहा कि महिला आरक्षण बिल प्रधानमंत्री मोदी का क्रांतिकारी कदम है। इससे महिलाओं को उनका हक मिलेगा। मोदी का ये कदम महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण होगा। उन्होंने कहा कि ये बिल पास होते ही 2029 में विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी।

हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने आज होडल अनाज मंडी का निरीक्षण किया और गेहूं खरीद को लेकर अधिकारियों और किसानों से बातचीत की।इस अवसर पर होडल विधायक हरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

श्री सुधीर राजपाल ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना और मंडी में किसान का बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य इस लिए किया गया है ताकि असली किसान की जगह कोई बाहर से अपनी फसल लाकर न बेच सके। सभी कदम पारदर्शिता लाने के लिए उठाए गए हैं।उन्होंने कहा कि मंडी में गेहूं की फसल को लेकर आने वाले किसानों को अगर कोई समस्या आती है तो उसका निवारण किया जाएगा।

देश भर मे मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पंचकुला के सेक्टर 17 स्थित इंदिरा कॉलोनी मे सर्किल स्तर के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।